# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

## जनसंपर्क कार्यालय
## PUBLIC RELATIONS OFFICE

ज्ञान शांति मैत्री

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### हिंदी विश्वविद्यालय में प्राचार्य भूषण भावे निवासी लेखक के रूप में नियुक्त

**वर्धा, 16 अक्टूबर 2025 :** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय ने गोवा के प्राचार्य डॉ. भूषण भावे को निवासी लेखक(Writer-in-Residence) के रूप में छह माह की अवधि के लिए नियुक्त किया है। डॉ. भावे इस पद को प्राप्त करने वाले गोवा के पहले शिक्षक और लेखक बन गए हैं, जिससे गोवा और वर्धा के बीच साहित्यिक एवं शैक्षणिक सहयोग को एक नया मंच प्राप्त होगा।



डॉ. भावे वर्तमान में विद्या प्रबोधिनी वाणिज्य, शिक्षा, संगणक और प्रबंधन महाविद्यालय, पर्वरी, गोवा में प्राचार्य के रूप में कार्यरत हैं। इससे पूर्व वे लगभग 30 वर्षों तक फर्मागुडी स्थित पी.ई.एस. महाविद्यालय में प्राध्यापक रहे। वे कोंकणी और मराठी के प्रतिष्ठित लेखक हैं और उनकी 18 पुस्तकें कोंकणी, मराठी, हिंदी एवं अंग्रेज़ी भाषाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं।

इस अवधि के दौरान डॉ. भावे विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित विषय पर शोध और अध्ययन करेंगे तथा एक परियोजना प्रस्तुत करेंगे। वर्धा में उनके प्रवास के दौरान वे विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं केंद्रों में शैक्षणिक और रचनात्मक प्रकल्पों में सहयोग करेंगे। यह नियुक्ति विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद द्वारा 18 अगस्त 2025 को अनुमोदित की गई थी, जो हिंदी साहित्य और शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहन देने के विश्वविद्यालय के उद्देश्य के अनुरूप है।

उल्लेखनीय है कि महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय एक केंद्रीय विश्वविद्यालय है, जिसकी स्थापना भारतीय संसद के अधिनियम संख्या 3, वर्ष 1997 के अंतर्गत की गई। यह विश्वविद्यालय हिंदी भाषा और साहित्य के अध्ययन एवं प्रचार-प्रसार हेतु समर्पित है।

### हिंदी विश्वविद्यालयात प्राचार्य भूषण भावे निवासी लेखक म्हणून नियुक्त

वर्धा, 16 ऑक्टोबर 2025 : महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयाने प्राचार्य डॉ. भूषण भावे यांची निवासी लेखक (Writer-in-Residence) म्हणून निवड केली आहे. भारतातील कोणत्याही मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालयाचे सहा महिन्यांच्या मुदतीसाठीचे हे प्रतिष्ठित पद प्राप्त झालेले डॉ. भावे हे गोव्यातील पहिले शिक्षक व लेखक आहेत. यामुळे गोवा व वर्धा यांच्यामध्ये साहित्यिक तसेच शैक्षणिक सहकार्यासाठी एक व्यासपीठ तयार होईल. डॉ. भावे हे सध्या विद्या प्रबोधिनी वाणिज्य, शिक्षणशास्त्र, संगणक आणि व्यवस्थापन महाविद्यालय, पर्वरी येथे प्राचार्यपदी असून यापूर्वी पी.ई.एस. महाविद्यालय, फर्मागुडी येथे सुमारे 30 वर्षे ते प्राध्यापक होते. डॉ भावे हे कोंकणी व मराठीतील नामवंत लेखक असून त्यांची कोंकणी, मराठी, हिंदी व इंग्रजी भाषांतील 18 पुस्तके प्रकाशित झाली आहेत.

या काळात हिंदी विश्वविद्यालयाने निर्धारीत केलेल्या विषयावर डॉ. भावे अभ्यास व संशोधन करून परियोजना सादर करतील. विश्वविद्यालयाच्या विविध विभाग आणि केंद्रांना शैक्षणिक आणि रचनात्मक प्रकल्पांमध्ये मदत करण्यासाठी ते उपलब्ध असतील.

विश्वविद्यालयाच्या कार्यकारी परिषदेने १८ ऑगस्ट २०२५ रोजी मंजूर केलेली ही नियुक्ती, हिंदी साहित्य आणि शैक्षणिक उत्कृष्टतेला प्रोत्साहन देण्याच्या विश्वविद्यालयाच्या उद्दिष्टांशी सुसंगत आहे.महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विद्यापीठ हे १९९७ च्या अधिनियम क्रमांक ३ द्वारे भारतीय संसदेने स्थापित केलेले एक केंद्रीय विश्वविद्यालय असून हिंदी भाषा आणि साहित्याचा अभ्यास आणि प्रचार-प्रसार करण्यासाठी समर्पित आहे.

---

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305